05/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की और इस दौरान उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पुतिन ने निर्दोष लोगों की मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

0000000000000000000000

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ एक और सख्त कदम उठाते हुए भारत ने चेनाब नदी पर बगलिहार बांध से पानी के बहाव को रोक दिया है। भारत झेलम नदी पर किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह के उपाय करने की योजना बनाई जा रही है। जम्मू संभाग के रामबन जिले में बगलिहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा नामक पनबिजली बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को नियंत्रित करने की क्षमता प्रदान करते हैं।

00000000000000000000

राज्य सरकार ने आज महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी जारी की, जिससे 1 जनवरी 2025 से मौजूदा दर मूल वेतन और पेंशन के 53% से बढ़कर 55% हो गई। इस बढ़ोतरी से राज्य सरकार के अधीन सेवारत या तैनात अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी, अरुणाचल प्रदेश में नियुक्ति केंद्र सरकार के कर्मचारी, राज्य सरकार के कर्मचारी, साथ ही पेंशनभोगी और पारिवारिक पेंशनभोगी लाभान्वित

होंगे। मई 2025 से संशोधित डीए और डीआर दरें मासिक वेतन और पेंशन संवितरण में शामिल कर ली जाएंगी। सरकारी कर्मचारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की अपने कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकारी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ पालन करके निर्णय का प्रतिदान करेंगे।

0000000000000000000000000

यह पहली बार हुआ है कि, राज्य के चार पैरा तकनीकी अधिकारियों को भारतीय पैरालंपिक समिति द्‌वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली आगामी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए चुना गया है। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में तेची सोनू, लेमखुल मोसांग, बागांग तानिया नाताम और ताना याहे को शुभकामनाएं दी हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, राज्य से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित पैरा तकनीकी अधिकारियों के रूप में उनकी उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफ़लता है, बल्कि पैरा एथलीट्स के लिए समावेशिता, समान अवसर और मान्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि, इन अधिकारियों की यह यात्रा पूरे राज्य में सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती रहेगी।

000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत, ईस्ट सियांग पुलिस ने एक ड्रग पेडलर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया और लगभग 7.63 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की। विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, रुक्सिन पेट्रोल पंप के पास एक ड्रग पेडलर को रंगे हाथ पकड़ा, जो लंबे समय से नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री में शामिल है। ऑपरेशन का नेतृत्व एंटी ड्रग्स स्क्वाड के प्रभारी, डीएसपी आयूप बोको ने किया। ईस्ट सियांग पुलिस अधीक्षक, श्री पंकज लांबा, ने एडीएस टीम के प्रयासों की सराहना की और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के खिलाफ ज़ीरो टोलेरेंस की नीति के लिए जिला पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की।

0000000000000000

तवांग जिले के मासिक जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठक आज तवांग के प्रभारी उपायुक्त सांगे वांगमू मोसोबी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, नारकोटिक्स अधीक्षक और अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए एसपी ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न राज्य स्तरीय एनकॉर्ड बैठक के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और जिलों को सौंपे गए प्रमुख निर्देशों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग करने और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत साझा करने का आग्रह किया है।

0000000000000000000000

चिम्पू पुलिस द्वारा सावधानीपूर्वक, योजनाबद्ध एवं बहु-राज्यीय अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए, तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर डकैती और मारपीट के एक मामले को सुलझा लिया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत चिम्पू पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। तीनों आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान अपने अपराध को स्वीकार किया। इस बीच, कैपिटल कॉम्प्लेक्स पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने इस जटिल मामले को संभालने में समर्पण, समन्वय और व्यावसायिकता के लिए जांच दल की सराहना की है।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम पारे, कुरुंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, क्रा दादी, कामले, शी योमी, सियांग, वेस्ट सियांग, अंजाव, तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

0000000000000000000000